आया मेला मैया का

-------भजन के बोल--------

भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का,
मेला मैया का , आया ,रेला मैया का,
भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का........ 2

1) जयकारा अम्बे मैया का , जब कोई दिल से बोले.......2
कभी ना छोड़े जगदम्बे , भण्डारे अपने खोले,
भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का........ 2

2) दाती की कृपा बिन कोई , कैसे दर पे जाये........2
जाता है दरबार वही , जगदम्बे जिसे बुलाये,
भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का........ 2

3) नाम भवानी का जो लेता , सब संकट टल जाते.........2
तन मन वाणी पावन होवे , गुण मैया का गाते,
भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का........ 2

4) मन चाहा वर पालो होके , मैया के अनुरागी..........2
भर मस्ती में होके मगन गुण , गावे भूलन त्यागी,
भक्तो जय माता दी बोलो , आया मेला मैया का........ 2 ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33439/title/Aaya-Mela-Maiya-Ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |